देहरादून (उत्तराखण्ड)

रविवार 26.04.2026

समय 1305

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में जनगणना अभियान का जिक्र किया।
- श्री मोदी ने कहा भारत के विकास के लिए सौर और पवन उर्जा जरुरी है।
- केंद्र सरकार ने देश भर में पेट्रोलियम उत्पादों और एलपीजी की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कई कदम उठाए हैं।
- भारतीय प्रबंधन संस्थान काशीपुर के 13 वें दीक्षांत समारोह कार्यक्रम में 546 छात्रों को स्नातक की उपाधि प्रदान की गई।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज मन की बात कार्यक्रम में जनगणना अभियान का जिक्र करते हुए कहा कि इस बार जनगणना का उनका अनुभव, अलग होने वाला है। आकाशवाणी से मन की बात की कार्यक्रम में श्री मोदी ने कहा कि हमारे देश में इस समय एक बहुत अहम् अभियान चल रहा है, जिसके बारे में हर भारतीय को जानकारी होनी जरूरी है। ये है जनगणना का अभियान, यह दुनिया की सबसे बड़ी जनगणना है। उन्होंने कहा जो पहले से इस तरह की प्रक्रिया से गुजरे हैं, इस बार जनगणना का उनका अनुभव, अलग होने वाला है।

श्री मोदी ने मन की बात में पवन–शक्ति के बारे में बताते हुए कहा कि

पवन–शक्ति अदृश्य है, लेकिन, इसके बिना हमारा जीवन एक पल भी नहीं चल सकता। उन्होंने कहा कि यही ताकत भारत को आगे बढ़ा रही है।

पेट्रोलियम उत्पादों और एलपीजी

केंद्र सरकार ने देश भर में पेट्रोलियम उत्पादों और एलपीजी की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कई कदम उठाए हैं। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कहा है कि घरेलू उपयोग के लिए एलपीजी की आपूर्ति को प्राथमिकता दी गई है और किसी भी एलपीजी वितरक केंद्र पर आपूर्ति में कमी की सूचना नहीं मिली है। देश भर में ऑनलाइन एलपीजी सिलेंडर बुकिंग करीब 99 प्रतिशत तक बढ़ गई

है और ओटीपी आधारित डिलीवरी 94.5 प्रतिशत से अधिक हो गई है। मार्च 2026 से अब तक 5.36 लाख से अधिक पीएनजी कनेक्शन दिए जा चुके हैं और 2.61 लाख अतिरिक्त कनेक्शनों के लिए बुनियादी ढांचा तैयार किया गया है, जिससे कनेक्शनों की कुल संख्या बढ़कर 7.97 लाख हो जाएगी। इसके अलावा लगभग छह लाख ग्राहकों ने नए पीएनजी कनेक्शनों के लिए पंजीकरण कराया है।

दीक्षांत समारोह

भारतीय प्रबंधन संस्थान काशीपुर के 13 वें दीक्षांत समारोह कार्यक्रम में 546 छात्रों को स्नातक की उपाधि प्रदान की गई। इस वर्ष आईआईएम काशीपुर में पाँच कार्यक्रमों के अंतर्गत कुल 546 विद्यार्थियों को उपाधियाँ प्रदान की गईं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उत्तराखंड हाई कोर्ट के पूर्व चीफ जस्टिस गुहानाथन नरेन्द्र ने कहा कि आपने अपने स्थान को दृढ़ता, अनुशासन और संकल्प के माध्यम से अर्जित किया है, और प्रत्येक डिग्री आपके धैर्य और प्रयास का प्रतीक है। विशिष्ट अतिथि के तौर पर शिरकत कर रहे चॉइस इंटरनेशनल लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर कमल पोद्दार ने विद्यार्थियों को अवसरों का लाभ उठाने और उद्देश्यपूर्ण नेतृत्व करने के लिए प्रेरित किया।

स्वर्ण पदक हासिल करने वाली सृष्टि सिंह ने कहा कि इससे पहले यूजी में भी उनका गोल्ड मेडल था। वह चाहेंगी कि वह आगे भी ऐसे ही तरक्की करती रहें।

पिथौरागढ़

पिथौरागढ़ जिले की अस्कोट वाइल्डलाइफ सैंक्चुरी में 23 से 25 अप्रैल तक आयोजित तीन दिवसीय नेचर–फेस्टिवल का समापन हो गया है।

वन विभाग और विंग्स फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में प्रकृति और वन्यजीवों के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।

फेस्टिवल के दौरान 112 मॉथ, 92 तितली और 45 पक्षी प्रजातियों का अवलोकन किया गया। प्रतिभागियों ने मून मॉथ, कॉमन पीकॉक, ऑरेंज ओकलीफ और गोल्डन बर्डविंग जैसी दुर्लभ प्रजातियों को देखा। वहीं हिमालयी मोनाल और ग्रिफॉन वल्चर सहित कई पक्षियों ने आकर्षण बढ़ाया।

उत्तरकाशी

उत्तरकाशी जिले में ग्रामोत्थान परियोजना उत्तराखंड द्वारा 21 अप्रैल से 25 अप्रैल 2026 तक जी. बी. पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर प्रशिक्षण "फ्रंट लाइन सेल्स" का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों की विपणन क्षमता को सुदृढ़ करना तथा उन्हे बाजारोन्मुख मार्केटिंग कौशल से परिचित कराना था। प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण को अत्यंत उपयोगी बताया। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण से उन्हें न केवल फ्रंट लाइन सेल्स से संबंधित व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त हुआ, बल्कि समूह सदस्यों के क्षमता विकास, नई तकनीकी जानकारियों और विपणन कौशल को भी बेहतर ढंग से समझने का अवसर मिला।